## एक नजर

### पीएचडी परीक्षा परिणाम घोषित

**देहरादून:** तकनीकी विवि ने पीएचडी (कैमिस्ट्री) का प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। सफल छह छात्रों में पदमा, रोहित कुमार, रश्मि, अंकिता शर्मा, भारत सिंह राणा व विकास कुमार शामिल हैं।

### कोडिंग व्यवस्था में सुधार

**देहरादून:** तकनीकी विवि ने फार्मेसी परीक्षा की परीक्षा प्रतिलिपि मूल्यांकन में परीक्षा प्रतिलिपियों को कोडिंग किए जाने की व्यवस्था में सुधार किया है। कंबाइंड फार्मेसिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश भट्ट ने कहा कि इससे छात्रों को लाभ होगा।

### एडिशनल सेक्रेटरी से वार्ता विफल

**देहरादून:** जवाहर नवोदय विद्यालय कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में एडिशनल सेक्रेटरी के साथ सोमवार को हुई वार्ता विफल रही। कर्मचारियों की मुख्य मांग 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों को पेंशन का लाभ दिया जाना है।

### शोक व्यक्त किया

**देहरादून:** राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षक नेता मदनलाल हिंदुस्तानी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। राइंका कॉलेज पटेलनगर में आयोजित शोकसभा में मंडलीय महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली, शिवचरण प्रसाद लखेड़ा, जिलाध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, जिला महामंत्री नागेंद्र पुरोहित, निशा खत्री, रवि रावत, रविंद्र घिल्डियाल, भीम सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा 12 व 18 को

**मसूरी:** संस्थागत और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की हाईस्कूल विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 फरवरी को और गृहविज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 18 फरवरी को सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कॉलेज केंद्र पर संपन्न होगी। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ.रश्मि कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इंटर के व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कॉलेज में ही आयोजित की जा रही है। फरवरी माह के बाद किसी की भी परीक्षा नहीं ली जाएगी।

### 35 हजार ठगे

**ऋषिकेश:** सोमवार को हरिद्वार मार्ग पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की मुख्य शाखा के भीतर दो टप्पेबाजों ने एक किशोर से 35 हजार रुपये ठग लिए। किशोर ने सीसीटीवी में कैद हुए टप्पेबाज की पहचान की। अभी इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएवी प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

## सिटी मजिस्ट्रेट ने लिया जायजा, 80 प्रतिशत शिक्षक-कर्मचारी अनुपस्थित

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** डीएवी पीजी कॉलेज में विभिन्न प्रकरणों की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू हो गई है। सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। रजिस्टर में महज 20 फीसद शिक्षक-कर्मियों के ही हस्ताक्षर मिले।

सोमवार को पूर्वाह्न दस बजे सिटी मजिस्ट्रेट हरक सिंह रावत डीएवी पीजी कॉलेज पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट के कॉलेज पहुंचते ही शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आसपास रहने वाले शिक्षक व कर्मचारी आनन-फानन कॉलेज पहुंच गए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कॉलेज की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। रजिस्टर में महज बीस फीसद शिक्षकों व कर्मचारियों के ही हस्ताक्षर थे। सिटी मजिस्ट्रेट के पहुंचने की खबर मिलते ही छात्र नेता भी कॉलेज पहुंच गए। सिटी मजिस्ट्रेट ने प्राचार्य डॉ. देवेंद्र भसीन और छात्रनेताओं की मौजूदगी में पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई कमियां पाई गई। पुस्तकालय में नई किताबें अलमारियों में बंद थी और उन पर कॉलेज की मोहर तक नहीं लगी थी। सिटी मजिस्ट्रेट ने किताबों पर मोहर लगाने और पुस्तकालय को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। छात्रनेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को शौचालय और कॉलेज की गंदगी से भी अवगत कराया। सिटी मजिस्ट्रेट ने प्राचार्य कक्ष में सभी विभागों के उपस्थिति रजिस्टर तलब किए और उन्हें साथ ले गए।



सोमवार को डीएवी पीजी कॉलेज के दफ्तर में रजिस्टर चेक करते सिटी मजिस्ट्रेट हरक सिंह रावत। जागरण

> कॉलेज में शिक्षकों की उपस्थिति कम पाई गई है। हालांकि मुझे अवगत कराया गया कि शिक्षकों की समय-सारणी तय है। अनुपस्थित लोगों का जवाब-तलब किया गया है। साथ ही, कुछ कमियां पाई गई हैं। अंतिम रूप से कुछ जांच पूरी होने की बाद ही कहा जा सकता है।
>
> **हरक सिंह रावत, सिटी मजिस्ट्रेट**

> डीएम के निर्णय के अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट आए हैं। उन्हें जांच में पूरा सहयोग किया गया। जांच में कॉलेज की समस्याएं शासन-प्रशासन के सामने आ जाएंगी, उनका समाधान होगा ऐसी उम्मीद है।
>
> **डॉ. देवेंद्र भसीन, प्राचार्य डीएवी पीजी कॉलेज**

> मात्र दस प्रतिशत छात्रों का पुस्तकालय कार्ड बना है। उन्हें भी पुरानी किताबें दी जा रही हैं। नई किताबें अलमारियों में रखी हुई हैं। कमियां किस स्तर से हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।
>
> **महेश जगूड़ी, अध्यक्ष छात्रसंघ**



## मनमोहक...

अखिल गढ़वाल सभा के 62वें स्थापना दिवस पर जहां लोकरंग की मनोहारी छटा बिखरी, वहां काव्य की सरिता भी बही। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर सभी ने गढ़भोज का भी आनंद उठाया। जागरण

## व्यापारियों का प्रदर्शन आज

**देहरादून:** दून उद्योग व्यापार मंडल पॉलीथिन पर प्रतिबंध और सफाई के नाम पर जिला और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन करेगा। इसके अलावा, 18 फरवरी को होने वाले दून बंद की तिथि बढ़ाकर 19 फरवरी तय की गई।

सोमवार को आयोजित बैठक में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष जाहिर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन पॉलीथिन पर प्रतिबंध के नाम पर व्यापारियों के अपमान पर उतारू है। पॉलीथिन की तलाश में दुकानों पर छापे मारकर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है, व्यापारी यह अपमान कतई सहन नहीं करेंगे। संगठन अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि गीता भवन से दोपहर 12 बजे रैली शुरू होगी, जो राजा रोड, पीपल मंडी और पलटन बाजार होते हुए घंटाघर पहुंचेगी और फिर पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका जाएगा। बैठक में अनिल गोयल, अमरजीत सिंह आनंद, अमरजीतसिंह चिट्टा, कमल मैनी, संतोष नागपाल, सुरेंद्र प्रभाकर, मीत अग्रवाल, राजेंद्रसिंह ढिल्लो, अखिल भाटिया, मनोज शर्मा, राजपाल त्यागी, आदेश चौहान मौजूद थे।

# पॉलीथिन के खिलाफ छात्र होंगे मददगार

- घरों से पॉलीथिन लाकर स्कूल में जमा कराएंगे बच्चे
- प्रशासन ने सभी प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** पॉलीथिन के खिलाफ चल रही प्रशासन की मुहिम में सोमवार को स्कूली बच्चे भी जुड़ गए। प्रशासन ने इस कड़ी में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वह स्कूलों में बच्चों को निर्देश जारी करें कि जिन बच्चों के घरों में पॉलीथिन है वह स्कूल लाकर 16 फरवरी तक जमा कराएं।

सोमवार को स्वच्छ दून एवं स्वच्छ कैंपस के तहत मेयर विनोद चमोली एवं जिलाधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में ओएनजीसी सभागार में अभियान से जुड़े जोनल, सेक्टर एवं निगम अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रतिबंध कैरीबैग, प्लास्टिक प्लेट, गिलास पर लगाया गया है तथा दही, दूध की पॉलीथिन पर नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर प्रशासन तमाम थोक विक्रेताओं से पॉलीथिन क्रय कर लेगा। इसके बाद ही उनके खिलाफ चालान आदि की कार्रवाई की जाएगी। मेयर विनोद चमोली ने कहा कि इस अभियान में नगर निगम हर स्तर पर प्रशासन को सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन को प्रतिबंधित करने के लिए जरूरी है कि सभी एकजुट होकर काम करें। उन्होंने इस कार्य में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को भी इंगित किया।



ओएनजीसी ऑडीटोरियम में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम, मेयर विनोद चमोली व अन्य। जागरण


## कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोतवाली डालनवाला, जनपद देहरादून में खड़े 47 लावारिस/मोटर अधिनियम/आबकारी अधिनियम में निर्णित वाहनों की नीलामी दिनांक 13.02.2013 को प्रातः 10.00 बजे कोतवाली डालनवाला में की जायेगी। उक्त वाहनों के संबंध में विस्तृत जानकारी किसी भी समय कोतवाली डालनवाला से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी से संबंधित शर्तो की जानकारी नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व दी जायेगी।

पत्रांक 617/सु.एवंलो.स.वि./11.02.2013

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून**

## कार्यालय मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड 12, सुभाष रोड, देहरादून

### बिड नं0 -डीजी-तीन-343/2013

| | | |
|---|---|---|
| 1.वस्तु का नाम | - | मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर |
| 2. स्पेसिफिकेशन | - | ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध |
| 3. टेण्डर फीस | - | रू0 282.00 |
| 4. अर्नेस्ट मनी | - | रू0 14,500.00 |
| 5. बिड जमा करने की अंतिम तिथि | - | दिनांक 18.02.2013 समय 14:00 बजे |
| 6. वैधता अवधि | - | 60 दिवस |
| 7. आपूर्ति अवधि | - | 30 दिवस |
| 8. बिड खुलने की तिथि | - | 18.02.2013 समय 1600 बजे |

टेण्डर प्रक्रिया के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु लॉगआन करें :-
**www.uttarakhandpolice.uk.gov.in**

**जीवन चन्द्र पाण्डे**
**पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय,**
**उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय, देहरादून**

पत्रांक 600/सु.एवंलो.स.वि./11.02.2013


# उत्कृष्टता के लिए 12 संस्थानों को अवार्ड

- सीएमएआइ नेशनल उत्तराखंड एजुकेशन अवार्ड से किया सम्मानित
- मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने दिए अवार्ड

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** सूबे के 12 तकनीकी शिक्षण संस्थानों को सीएमएआइ नेशनल उत्तराखंड एजुकेशन अवार्ड से नवाजा गया है। मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने संस्थानों को अवार्ड प्रदान किए।

सोमवार को सीएमएआइ एसोसिएशन ऑफ इंडिया, उत्तराखंड तकनीकी विवि व गवर्मेंट आफ इंडिया एनएनआरई के तत्वावधान में सीएमएआइ नेशनल उत्तराखंड एजुकेशन अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। सर्वे आफ इंडिया सभागार में समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता का सम्मान होना चाहिए, लेकिन सम्मान मिलने के बाद संस्थानों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। प्रदेश में उच्च शिक्षा में गुणात्मक विकास के साथ ही व्यवसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। तकनीकी विवि के कुलपति डॉ. डीएस चौहान ने कहा कि विवि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएमएआइ के अध्यक्ष एनके गोयल ने कहा कि शिक्षा गुणवत्तापरक होना आवश्यक है। इस अवसर पर खेल मंत्री दिनेश अग्रवाल, एआइसीटीई के उपसचिव आरएस राठौर, आइआइटी रुड़की के उपनिदेशक प्रो. एसपी गुप्ता, सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आरसी पाठक, विधायक सुबोध उनियाल, सूर्यकांत धस्माना आदि मौजूद थे।



सीएमएआइ नेशनल उत्तराखंड एजुकेशन अवार्ड के विजेता संस्थानों के प्रबंधकों के साथ मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा। जागरण

## इन्हें मिला अवार्ड

| संस्थान | अवार्ड |
|---|---|
| आइआइटी रुड़की | पाइनियर आइसीटी लीडर |
| जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज | बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज |
| उत्तरांचल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी | बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूट |
| रुड़की इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी | बेस्ट टेक्नीकल इंस्टीट्यूट |
| कॉलेज आफ इंजीनियरिंग रुड़की | बेस्ट रिजल्ट इंस्टीट्यूट |
| मिनरवा इंस्टीट्यूट देहरादून | एक्सीलेंसी इन क्रिएटिव कोर्सेस |
| रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज | बेस्ट अपकमिंग इंजीनियरिंग कॉलेज |
| माया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट | एक्सीलेंस इन होटल मैनेजमेंट |
| शिवालिक कॉलेज आफ टेक्नोलॉजी | बेस्ट इंडस्ट्री इंटरफेस |
| कॉलेज आफ टेक्नोलॉजी पंतनगर | एक्सीलेंसी इनोवेटिव इंस्टीट्यूट |
| देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | बेस्ट इनोवेटिव इंस्टीट्यूट |
| यूरो किड स्कूल जाखन | बेस्ट इमरजिंग प्री-स्कूल |

### नहीं रहे छायाकार आनंद ढौंडियाल



**देहरादून:** राजधानी के जाने-माने फोटो पत्रकार आनंद ढौंडियाल नहीं रहे। वह 72 वर्ष के थे। लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह उन्होंने महंत इंद्रेश अस्पताल में अंतिम सांस ली। शाम को लक्खीबाग शमशान घाट पर उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। फालतू लाइन निवासी आनंद ढौंडियाल ने फोटोग्राफी को व्यवसाय चुनने के बाद प्रसिद्ध छायाकार दीवान सिंह कुमैंया से फोटोग्राफी के गुर सीखे। ब्लैक एंड व्हाइट फोटो का उन्हें सिद्धहस्त माना जाता था। उन्होंने प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों के साथ ही कई पत्रिकाओं के लिए भी फोटोग्राफी की। उत्तराखंड आंदोलन में भी अपने कैमरे के माध्यम से वो खासे सक्रिय रहे। स्व.ढौंडियाल आजीवन अविवाहित रहकर अपने बड़े भाई वेद रतन ढौंडियाल के परिवार की देखरेख करते रहे। उनके निधन पर विभिन्न संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त कर इसे फोटो पत्रकारिता की अपूरणीय क्षति करार दिया।


**SURVEY OF INDIA**
**(Department of Science & Technology)**
**Surveyor General of India, Dehradun**
**Corrigendum**

In continuation of the tender notice published on 30.01.2013 for the hiring of the digital photocopy machines kindly:

**Read as** : www.eprocure.gov.in in Place of www.surveyofindia.gov.in

**Chairman of the Board**

## डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन हेतु अनुदान योजना वर्ष 2012-13

डॉ. पी.द.ब. हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के ऐसे मूर्धन्य साहित्यकारों, लेखक, कवि जो हिन्दी लेखन के क्षेत्र में सतत् रूप से सक्रिय तथा कार्य करते आ रहे हैं उनकी पुस्तकों के प्रकाशन हेतु आर्थिक अनुदान देने के लिए आवेदन व पाण्डुलिपि आमंत्रित की जाती हैं। इस योजना के अन्तर्गत हिन्दी भाषा एवं साहित्य के अप्रकाशित शोध प्रबन्ध, उत्कृष्ट साहित्य की सभी विधाओं की पाण्डुलिपियां/प्राचीन बहुउपयोगी ग्रन्थ, प्रकाशन हेतु एवं आर्थिक अनुदान के लिए सम्मिलित होंगे।

**नियम व शर्तें निम्नवत हैः-**

1. अप्रकाशित कृतियों/पुस्तकों को ही प्रकाशनार्थ अनुदान प्रदान किया जायेगा।
2. लेखक को प्रमाणित करना होगा कि पुस्तक स्वयं उनके द्वारा लिखित एवं अप्रकाशित हैं।
3. अप्राप्त/दुलर्भ अथवा लगभग बीस वर्ष पूर्व में प्रकाशित पुस्तकों पर भी अनुदान दिए जाने पर विचार किया जा सकता है।
4. हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड द्वारा यदि पुस्तक प्रकाशन योग्य स्वीकार की जाती है तो कापी राइट का अधिकार अकादमी का होगा।
5. पुस्तक को यदि आर्थिक अनुदान के योग्य स्वीकार किया गया, तो लेखक द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि तक की पुस्तकें हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड में जमा करनी होगी।
6. आर्थिक अनुदान प्राप्त करने के लिए किन्हीं तीन प्रकाशन-संस्थाओं के कोटेशन भी पुस्तक के साथ जमा किए जाने आवश्यक हैं।
7. पुस्तक दिनांक 28 फरवरी, 2013 तक अकादमी के कार्यालय में स्वयं अथवा किसी वाहक के द्वारा जमा करनी आवश्यक है।
8. ऐसी कृतियों के प्रकाशनार्थ आर्थिक सहायता नहीं दी जायेगी, जो राष्ट्र तथा समाज में वैमनस्य की भावना पैदा करें।
9. हिन्दी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं विकास को उजागर करने वाली पाण्डुलिपियों के प्रकाशन के लिए प्राथमिकता के आधार पर आर्थिक अनुदान दिया जाएगा।
10. उत्तराखण्ड भाषा संस्थान एवं हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड द्वारा जिन विद्वानों की पुस्तकों, पर प्रकाशनार्थ अनुदान वर्ष (2011-12) पूर्व में प्राप्त हो चुका है, वह कृपया आवेदन न करें।
11. पुस्तक अनुदान हेतु गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
12. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त कृतियां पाण्डुलिपियों पर विचार न हीं किया जाएगा।

**(डॉ. मुनिराम सकलानी)**, सचिव
डॉ. पी.द.ब. हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड
338/1सेवला कलां, शिमला बाईपास पो.-माजरा, देहरादून (उत्तराखण्ड)

पत्रांक 596/सु.एवंलो.स.वि./11.02.2013


## आवास व कार ऋण पर ब्याज में राहत

**देहरादून:** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर और सीआरआर में कटौती किए जाने के मद्देनजर यूनियन बैंक आफ इंडिया ने भी बेस रेट .25 फीसद घटा दिया है, जो अब 10.25 फीसद हो गया है। यूनियन बैंक आफ इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार बेस रेट में की गई कटौती से बैंक के ग्राहकों को आवास व कार ऋण पर ब्याज में राहत मिलेगी। आवास व कार ऋण पर ब्याज की दर क्रमश: 10.25 व 10.70 फीसद हो गई है।


## रस्म पगड़ी



मान्यवर, अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माता जी श्रीमती सरला कुमारी नागलिया (पत्नी स्व: श्री बिक्रम सेन नागलिया) का आकस्मिक निधन दिनांक 1.2.2013 को हो गया है।

अत: रस्म पगड़ी व शान्ति पाठ मंगलवार दिनांक 12.2.2013 को सायं 3.00 से 4.00 बजे तक स्वर्गपुरी आश्रम, पुलिस लाइन के सामने, रेसकोर्स, देहरादून पर होगा।

नागलिया ऑटोमोबाइल्स
अक्षय एजेन्सीज, देहरादून
9412054205, 9997323824
9997000031

**शोकाकुल**
विपिन नागलिया, नवीन नागलिया (पुत्र)
अक्षय नागलिया, उदित नागलिया (पौत्र)
वृन्दा व रमनीश कपूर
शौर्य व वंश कपूर

## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु सील्ड निविदा दिनांक 26.02.2013 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि, एनएससी डाकघर, बचत बैंक पासबुक अथवा भारत में किसी शेड्यूल बैंक की रसीद रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2013 से दिनांक 25.02.2013 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वान्ह से 5.00 बजे सायं तक निम्नलिखित कार्यालयों में से किसी भी कार्यालय से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 26.02.2013 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नलिखित किसी भी कार्यालय में प्राप्त कराये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र के साथ रु. 100/- का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर जिस पर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षरयुक्त रु. 1/- का रसीदी टिकट हो, वैधता की शर्तो के साथ लगाना अनिवार्य है, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**कार्यालयों के नामः** 1. अस्थाई खण्ड लोनिवि, थत्यूड़। 2. निर्माण खण्ड, लोनिवि चम्बा।

यह निविदा दिनांक 27.02.2013 को अपराह्न 1.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, अ.ख., लोनिवि, थत्यूड़ के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा निरस्तीकरण का अधिकार समिति को होगा निविदा की शर्ते जीपीडब्लू-8, निविदा प्रपत्र एमएफ.-69/70 एवं शासकीय पत्र संख्या 2611/111(2)/ 07-75 (सामान्य)/2000 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार होगी निविदा की अन्य शर्ते/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती हैं। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा के मूल्य पर व्यापार कर अलग से देय होगा। निविदा की वैधता 45 दिन होगी। निविदा खरीदने हेतु ठेकेदार द्वारा वैध पंजीकरण दिखाना अनिवार्य होगा। निविदा बिना निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+व्यापार कर | कार्य पूर्ण करने का समय | निविदा की वैधता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| **जिला योजना के अन्तर्गत** | | | | | | |
| 1 | विकास खण्ड जौनपुर के अन्तर्गत कैम्प्टी से सिहद देवीधार लिंक रोड का पीसीसी का कार्य | 16000.00 | 225+ वैट | 3 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य में डी. एवं उच्चतर श्रेणी हेतु |
| 2 | थत्यूड मराड मोटर मार्ग (भाल की ओर से) किमी. 5 नदी मे 6 मी. स्पान पुलिया का निर्माण कार्य। | 26000.00 | 225+वैट | 3 माह | 45 दिन | सेतु कार्य में डी. एवं उच्चतर श्रेणी हेतु |

पत्रांक 606/सु.एवंलो.स.वि./11.02.2013

**अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोनिवि, थत्यूड़ (टिहरी गढ़वाल)**

## जिला कार्यक्रम अधिकारी (टिहरी गढ़वाल)

### ऑगनबाड़ी, नियुक्ति, शिकायत/निस्तारण

वर्ष 2012-13 में जनपद-टिहरी गढ़वाल, में संचालित बाल विकास परियोजनाओं- कीर्तिनगर, थत्यूड़, जाखणीधार, हिण्डोलाखाल (देवप्रयाग), चम्बा, नरेन्द्रनगर, प्रतापनगर, थौलधार व भिलंगना में आंगनबाड़ी केन्द्रों के रिक्त पदो (कार्यककर्ती व सहायिका) मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में (कार्यक्रती) नियुक्ति हेतु 18 व 19 जुलाई 2012, को अनन्तिम सूची प्रकाशित की गई थी। अनन्तिम सूची प्रकाशन के क्रम में शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायत कर्ता व अनन्तिम चयनित अभ्यर्थी को मूल अभिलेखों सहित सुनवाई हेतु अपना पक्ष रखने का पूर्ण अवसर प्रदान किये जाने के लिये तिथि एवं स्थान निम्नवतः है।

**रोस्टर**

| क्र.सं. | बाल विकास परियोजना का नाम | शिकायत निस्तारण तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | बा.वि.परि.- **भिंलगना** | 19 फरवरी, 2013 | विकास भवन (टिहरी गढ़वाल) |
| 2 | बा.वि.परि.- **प्रतापनगर** | 22 फरवरी, 2013 | " |
| 3 | बा.वि.परि.- **हिण्डोलाखाल (देवप्रयाग)** | 26फरवरी, 2013 | " |
| 4 | बा.वि.परि.- **थत्यूड़ व कीर्तिनगर** | 02 मार्च , 2013 | " |
| 5 | बा.वि.परि.- **जाखणीधार** | 06 मार्च , 2013 | " |
| 6 | बा.वि.परि.- **थौलधार, चम्बा, नरेन्द्रनगर** | 11 मार्च , 2013 | " |

**(भारती तिवारी)**
जिला कार्यक्रम अधिकारी, टिहरी गढ़वाल

पत्रांक 616/सु.एवंलो.स.वि./11.02.2013